भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1295

उत्तर देने की तारीख 25.11.2019

तमन्ना अभिरुचि परीक्षा

1295. श्री नंदकुमार सिंह चौहानः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सी.बी.एस.ई. और एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा विकसित की गई ''तमन्ना'' अभिरुचि परीक्षा का ब्यौरा क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा केन्द्रीय विद्यालयों में ई.डब्ल्यू.एस. लाभार्थियों के लिए आबंटित की गई सीटों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) ने कक्षा IX और कक्षा X के छात्रों की अभिरूचि जानने के लिए हितधारकों को सक्षम बनाने हेतु वरिष्ठ स्कूल के छात्रों के लिए - तमन्ना (ट्राई एंड मेज़र एप्टीट्यूड एंड नेचुरल अबिलिटीज़) विकसित की है। अभिरूचि परीक्षा के उपयोग के बारे में विवरण, परीक्षा में जांचे गए आयाम, निर्माण और परीक्षा की संरचना और मानकीकरण, प्रशासन और स्कोरिंग एवं अभिरूचि परीक्षा के अंकों का अर्थ समझना, आदि परीक्षा नियमावली में उपलब्ध हैं। परीक्षा-पुस्तिका और नियमावली को मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी), सीबीएसई और एनसीईआरटी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

(ख): निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 और केंद्रीय विद्यालय संगठन प्रवेश दिशानिर्देश 2019-20 के अनुसार, केंद्रीय विद्यालय में कक्षा-I में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों को 25% आरक्षण में शामिल किया जाता है।

*****